सिटी
www.jagran.com
लुधियाना, 1 मई 2019

स्पॉट

शॉट ड्रेस विद नेगाटिव एपलीक वर्क ड्रेस को तैयारकरती मुस्कान जग्गी।

लेदर पर्पल ड्रेस को तैयार करती सिमरन और रूपिंदर।

रैंप पर पेश होंगी चॉकलेट टेक्सचर की ड्रेसिज

फेल्टशीट के साथ ड्रेस तैयार करती अशमीत, इशमीत और एकजोत।

जासं. लुधियाना : शहर में ऐसा पहली बार है जब किसी इंस्टीट्यूट के विद्यार्थी चॉकलेट थीम पर ड्रेसिज तैयार कर रहे हों। यह इनोवेशन की है इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइनिंग (आईनिफ्ड) के विद्यार्थियों ने यह इनोवेशन की है जो इसी सप्ताह शहर में होने जा रहे फैशन वीक के लिए ड्रेसिज तैयार कर रहे हैं। इसके लिए विद्यार्थी एक महीने से तैयारी में जुटे हुए हैं। एमबीडी मॉल इस सप्ताह फैशन शो करवा रहा है जिसका थीम विद्यार्थियों को चॉकलेट दिया गया है। इंस्टीट्यूट के 23 विद्यार्थी 40 ड्रेसिज की कलेक्शन तैयार कर रहे हैं जो ज्यादातर शॉट साइज की हैं। इंस्टीट्यूट की ही 18 लड़कियां और छह लड़के इन कलेक्शन के साथ मॉडलिंग करेंगे।

टीशू ड्रेस विद चॉकलेट टेक्सचर को तैयार करती वाणी, मुस्कान और छवि।

ब्राउन-क्रीम शेड्स में ड्रेसिज हो रही तैयार

इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने ड्रेसिज में ब्राउन-क्रीम कलर को लिया है। इनमें चॉकलेट टेक्सचर, फेल्ट शीट्स, सिल्क, नेट, लेदर, कॉटन, आरगेंजा, क्रेप, शीट्स, हैंडमेड शीट्स, प्लास्टिक शीट्स फेब्रिक का इस्तेमाल किया गया है। फैशन शो में पांच राउंडस होंगे। हर राउंड में थीम अलग-अलग है। पहला राउंड बेवरेजिस, दूसरा सैंडविच और बर्गर, तीसरा केकस एवं पेस्ट्रीज, चौथा हेल्दी सैलेड, मैकरॉस व चॉकलेट और पांचवा प्रॉपस राउंड होगा। इसी अनुसार विद्यार्थियों ने अपनी ड्रेसिज तैयार की है।

विद्यार्थियों बोल, इनोवेशन कर हो रही है खुशी

विद्यार्थियों ने कहा कि चॉकलेट थीम पर वह पहली बार किसी के लिए ड्रेसिज डिजाइन कर रहे हैं। यह इनोवेशन कर उन्हें बेहद खुशी हो रही है और कुछ नया सीखने को भी मिल रहा है। ड्रेसिज डिजाइन करने वाले विद्यार्थियों में रूपिंदरजीत कौर, सिमर, मुस्कान, वाणी कपूर, भूपिंदर, गुरप्रीत, दमनीत, छवि, हरमन, अशमीत, इशमीत, एकजोत, रश्मी, गुरप्रीत कौर, अशमीत आहूजा, श्रेया, रीना, अभिषेक, सिद्धार्थ, अंजलि, विनीशा और हीना के नाम शामिल हैं।